विश्वविद्यालय के परीक्षा समिति की चौदहवीं बैठक दिनांक 06.05.2017 की कार्यवृत्त

एजेण्डा बिन्दु–14(1) : परीक्षा समिति की तेरहवीं बैठक दिनांक 05.12.2016 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि। (प/क पर संलग्न)

विनिश्चयः– समिति की चौदहवीं बैठक में तेरहवीं बैठक दिनांक 05.12.2016 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई।

एजेण्डा बिन्दु –14(2) : विश्वविद्यालय द्वारा मई 2017 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित विभिन्न पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाओं की समय–सारणी 'परीक्षा समिति' के अनुमोदन की प्रत्याशा में कुलपति महोदय की सहमति से वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित कराये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक या उनके द्वारा नामित सदस्य को अधिकृत किये जाने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –14(3) : विश्वविद्यालय की मई 2017 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर मुख्य परीक्षाओं के साथ ही सम–सेमेस्टर की बैक परीक्षाओं के संचालन/सम्पादन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध संस्थानों को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के लिए मा० कुलपति द्वारा अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा करने हेतु परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –14(4) : विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के साथ ही उडनदस्ते के संयोजक/सदस्यों की नियुक्ति के लिए मा० कुलपति द्वारा अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –14(5) : मई, 2017 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित सम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षाओं हेतु प्रश्नपत्र बनवाये जाने हैं, चूँकि यह कार्य गोपनीय प्रकृति है। अतः यह कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जाना है। अतः तत्सम्बन्धी समस्त प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों हेतु मा० कुलपति द्वारा अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किये जाने हेतु प्रस्ताव **"परीक्षा समिति"** के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –14(6) : मई, 2017 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु मा० कुलपति द्वारा अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –14(7) : मई, 2017 की सम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं के साथ ही सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं भी आयोजित की जायेंगी तथा बी०टैक० पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष की सभी बैक पेपर परीक्षाएं भी आयोजित की जायेंगी। एम०टैक०, एम०फार्म०, एम०बी०ए०(पार्ट टाइम) तथा एम०बी०ए०(इन्टीग्रेटेड) पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर बैक पेपर परीक्षाओं के साथ विषम सेमेस्टर बैक पेपर परीक्षाएं भी आयोजित किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –14(8) : मई, 2017 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा उपरान्त परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जाने तथा प्रवेश पत्र ऑनलाइन दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –14(9) : यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक सप्ताह में निस्तारण पर चर्चा।

विनिश्चयः— समिति द्वारा यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक सप्ताह में निस्तारण किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा उक्त कार्य को सम्पादित करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त अधिकृत किया गया।

<u>एजेण्डा बिन्दु –14(10):</u> (अ) विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाओं के परीक्षकों की नियुक्ति मा० कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

(ब) विश्वविद्यालय की मई तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षाओं की समय–सारिणी मा० कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

अन्य बिन्दओं में परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में कन्ट्रोल रूम में मोनिटर स्क्रीन तथा परीक्षा कक्षों में सी.सी.टी.वी. उक्त संस्थानों द्वारा अनिवार्य रूप से लगाये जाने पर चर्चा की गयी। साथ ही बी०टैक०, बी०फार्मा०, बी०एच०एच०सी०टी०, एम०बी०ए० एवं एम०सी०ए० पाठ्यक्रमों के ऐसे समस्त छात्र/छात्राएं जिनका पाठ्यक्रम पूर्ण करने का अधिकतम समय सीमा जून 2017 में पूरा होने वाली है तथा उनका विषम सेमेस्टर का कोई बैक पेपर शेष है तो विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे छात्र/छात्राओं के भविष्य को देखते हुए उन सभी को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी विषम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं कराये जाने पर भी चर्चा की गयी।

इस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी।

(मा० कुलपति)
अध्यक्ष

(परीक्षा नियंत्रक)
सदस्य सचिव